उज्जैन
बुधवार
04
दिसम्बर, 2024
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-11
अंक-32
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



इस वजह से रद्द हुआ सनी लियोनी का हैदराबाद वाला शो पुलिस ने नहीं दी कार्यक्रम की अनुमति
पेज- 4

## कॉमेडियन सुनील पाल वापस घर लौट रहे, पत्नी ने कहा- कल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दूंगी



**मुंबई।** मंगलवार रात 9 बजे खबर आई कि मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल लापता हो गए हैं। बताया गया कि वे एक दिसंबर को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उनकी पत्नी पुलिस स्टेशन भी पहुंच गई थीं। हालांकि, अब खबर आ रही है कि सुनील ठीक हैं और दिल्ली से मुंबई लौट रहे हैं। खुद सुनील की पत्नी सरिता पाल ने दैनिक भास्कर को इस बात की जानकारी दी। पत्नी सरिता पाल ने कहा- अभी ज्यादा कुछ नहीं कह सकती सरिता पाल ने कहा- मैं अभी आपको ज्यादा कुछ नहीं बता पाऊंगी, अभी पुलिस स्टेशन में हूं। थोड़ा समय दीजिए। उन्होंने (सुनील) एक पुलिस वाले से बात की है, उन्होंने मैसेज किया है कि वे लौट रहे हैं।

## जामा मस्जिद में सर्वे की मांग: सीढ़ियों के नीचे मूर्तियों के अवशेष होने का दावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद एक बार फिर चर्चा में है। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर जामा मस्जिद के सर्वे की मांग की है। उनका दावा है कि मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे मंदिर के अवशेष मौजूद हैं, जो मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा तोड़े गए कृष्ण मंदिरों से संबंधित हैं। विष्णु गुप्ता का दावा है कि जोधपुर और उदयपुर के प्राचीन कृष्ण मंदिरों को औरंगजेब ने नष्ट किया था और उनके अवशेष जामा मस्जिद की सीढ़ियों में इस्तेमाल किए गए हैं। यह दावा 'मसीर-ए-आलमगीरी' नामक पुस्तक पर आधारित है, जिसे औरंगजेब के दरबारी लेखक साकी मुस्तक खान ने लिखा था। इस पुस्तक में उल्लेख है कि 24-25 मई, 1689 को औरंगजेब के सेनापति खान जहां बहादुर ने मंदिरों को नष्ट किया और उनकी मूर्तियों को तोड़कर दिल्ली भेजा।

## साउथ कोरिया में मार्शल लॉ लागू, राष्ट्रपति ने बताया जरूरी कदम



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने मंगलवार को देश में मार्शल लॉ का ऐलान कर दिया है। संसद में सेना ने प्रवेश किया और राजनीतिक गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी गई। राष्ट्रपति ने इस कदम को "संवैधानिक लोकतंत्र की रक्षा" के लिए जरूरी बताया, लेकिन विपक्ष इसे देश के लोकतंत्र पर सीधा हमला मान रहा है। यून ने एक टेलीविजन ब्रीफि ंग के दौरान यह घोषणा की, जिसमें उन्होंने "उत्तर कोरिया समर्थक ताकतों को खत्म करने और संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने" की कसम खाई।

## आईआईटी के छात्र को मिला 4.3 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड-ब्रेकिंग जॉब ऑफर

**चेन्नई।** भारत के प्रमुख आईआईटी में 2024-25 का प्लेसमेंट सीजन शुरू हो चुका है और इस बार आईआईटी मद्रास ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना दिया है। इस साल, ग्लोबल ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ने आईआईटी मद्रास के एक कंप्यूटर साइंस छात्र को 4.13 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा पैकेज ऑफर किया है, जो अब तक किसी भी आईआईटी छात्र को मिला सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है। यह ऑफर एक प्री-प्लेसमेंट ऑफर के तहत दिया गया है। छात्र ने जेन स्ट्रीट में पहले इंटर्नशिप की थी और अब उसे हांगकांग में एक क्वांटिटेटिव ट्रेडर के तौर पर नौकरी मिल रही है। इस पैकेज में बेस सैलरी, बोनस और रीलोकेशन खर्च शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 4.3 करोड़ रुपये तक पहुंचता है।

### प्रयागराज में

## कुंभ मेले के लिए



## उज्जैन से भेजे जाएंगे थैले और थाली

### मालवा प्रांत से एक लाख से अधिक थैले और थाली एकत्र करने में जुटा संघ



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

यूपी के प्रयागराज में उज्जैन से भी थैले और थाली भेजे जाएंगे ताकि कुंभ मेले में होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। उज्जैन ही नहीं बल्कि पूरे मालवा प्रांत से संघ और उसके अनुषांगिक संगठन करीब एक लाख से अधिक थैले और थाली एकत्र करने में जुटे हुए है।

संघ और उसके अनुषांगिक संगठन इन दिनों बड़े पैमाने पर थाली और थैलें को जुटाने में लगे हुए हैं। इनमें वे संगठन भी मदद कर रहे हैं, जो प्रदेश में पर्यावरण को लेकर काम करते हैं। ऐसे करीब 40 संगठन इसमें शामिल हैं। इन्हें अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में भेजा जाएगा। मप्र के तीन प्रांतों मध्य भारत, महाकौशल और मालवा से करीब साढ़े तीन लाख थैले और थाली प्रयागराज भेजे जाना हैं। दरअसल, डेढ़ माह तक चलने वाले इस महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालु शामिल होने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से देखें तो करीब 600 टन पॉलिथीन कुंभ में इकट्ठी होगी और ये हमारी नदियों और पर्यावरण को प्रदूषित करेगी। पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए कुंभ में आने वाले अखाड़ों और श्रद्धालुओं के थैलों से पॉलिथीन निकालकर उन्हें एक थाली और थैला भेंट करेंगे। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके और हमारा हरित कुंभ का संकल्प पूरा हो सके मालवा प्रांत में शामिल जिले नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, आगर-मालवा, उज्जैन, शाजापुर, देवास, इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर से करीब एक लाख थैले और थाली एकत्रित कर प्रयागराज कुंभ में भेजे जाएंगे।

### हरित कुंभ अभियान शुरू किया

15 इंच लंबाई और 12 इंच चौड़ाई होना चाहिए, थैला कपड़े का ही होना चाहिए। थैले पर प्रायोजक, दानदाता, संस्था का नाम प्रिंट करवा सकते हैं। थाली स्टील की होनी चाहिए। थाली का साइज लगभग 11 वाई 14 इंच चौकोर या गोल जैसी भी उपलब्ध हो, भेज सकते हैं हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी इकाइयों ने 45 दिन तक चलने वाले प्रयागराज महाकुंभ के लिए हरित कुंभ अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य महाकुंभ को पॉलीथिन मुक्त रखना है। इसी के तहत देशभर में संघ से जुड़े संगठन थाली और थैले एकत्रित कर हैं। इन थाली और थैलों को महाकुंभ के दौरान वितरित किया जाएगा।

## भाजपा विधायक दल ने फडणवीस को नेता चुना


### अब महायुति के विधायकों की बैठक होगी, फिर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के 11 दिन बाद भाजपा विधायक दल ने देवेंद्र फडणवीस को नेता चुन लिया है। चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने नाम का प्रस्ताव रखा और पंकजा मुंडे ने फडणवीस के नाम का समर्थन किया।

अब भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे। इसके बाद महायुति के विधायकों की बैठक में सभी की सहमति क बाद मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी सीएम राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। शपथ ग्रहण कल यानी 5 दिसंबर को आजाद मैदान में होगा। इसमें मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम शपथ लेंगे। इनके साथ कितने मंत्री शपथ लेंगे या नहीं लेंगे, यह स्पष्ट नहीं है।

## महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों में भूकंप



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद/मुंबई/रायपुर**

महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। झटके सुबह 07:27 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप के झटके 15 से 20 सेकंड तक लगे। शुरूआती जानकारी के हिसाब से भूकंप में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। झटके महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर और गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में महसूस किए गए। इसके अलावा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुलुग, हैदराबाद, रंगारेड्डी,भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम और कृष्णा जिलों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप के चलते घरों में दीवारों पर दरारें आ गई। लोगों ने घरों से बाहर, खुले मैदान में आकर खुद को सुरक्षित किया।

## किसानों को मोटे अनाज के लिए प्रोत्साहन राशि देगी सरकार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी किसानों को मोटे अनाज का उत्पादन करने के लिए सूबे की मोहन सरकार प्रोत्साहित कर रही है और इसके लिए सरकार ने

मप्र सरकार ने किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 10 रुपए प्रति किलो की दर से प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। इससे किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ेगा। लेकिन इस बार महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार मिलेट्स (कोदो-कुटकी) खरीदे बगैर ही किसानों को बोनस का भुगतान करेगी। किसानों को प्रति हेक्टेयर 3900 रुपए बोनस दिया जाएगा। सरकार इस साल किसानों को करीब 40 करोड़ रुपए बोनस देगी।

गौरतलब है कि मोहन कैबिनेट ने जनवरी में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी थी। फिर मिलेट्स फेडरेशन का गठन किया गया। लेकिन तमाम जतन करने के बाद भी मप्र सरकार इस साल राज्य में किसानों से मिलेट्स की खरीदी नहीं कर पाई। ऐसे में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने इस बार कोदो कुटकी खरीदे बगैर ही किसानों को बोनस का भुगतान करेगी। प्रदेश में अभी मोटे अनाज की खेती कुल खाद्यान्न उत्पादन क्षेत्र के सिर्फ साढ़े तीन प्रतिशत हिस्से में ही होती है यह देश में संभवतः पहली बार हो रहा



है कि सरकार अनाज की खरीदी किए बगैर किसानों को बोनस देने जा रही है। सरकार का बोनस देने का मकसद प्रदेश में आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक किसानों को कोदी-कुटकी की खेती के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत 3 जनवरी को जबलपुर में हुई कैबिनेट की बैठक में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई थी।

### फायनल आंकड़ा मिलना बाकी

योजना में मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहन देने और किसानों से उचित दाम पर इसकी समरीदी का कार्य किया जाना है। बैठक में मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद सरकार ने मिलेट्स की खरीदी से लेकर इसके प्रसंस्करण, ब्रांडिंग व मार्केटिंग के लिए मिलेट्स फेडरेशन का गठन किया। कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में करीब एक लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे में कोदो- कुठकी की बुवाई की गई है। मिलेट्स फेडरेशन को राजस्व विभाग से इसका फायनल आंकड़ा मिलना बाकी है।

## खबर एक नजर...

### राजीविका की महिलाओं को मांडना कल से मिला नया रोजगार




**प्रतापगढ़।** जिला कलेक्टर की प्रेरणा से नगर परिषद आयुक्त द्वारा राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के माध्यम से शहर में नीमच नाका स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई के बाहर एवं नगर परिषद परिसर मे मांडना कला कार्य प्रारंभ करवाया गया करवाया गया जो कि कल से शहर मे और भी राजकीय भवनो एवं सार्वजनिक स्थानों पर भी किया जायेगा। जिला परियोजना प्रबंधक विनय कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर की इस पहल से ग्रामीण प्राचीन कला के संरक्षण के साथ ही शहर का सौंदर्यीकरण एवं राजीविका की ग्रामीण गरीब महिलाओं के रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे और मांडना कला को एक नयी पहचान मिलेगी। जिला कलक्टर की पहल पर राजीविका जिला प्रबंधक लाईवलीहुड कपिल देव व सुवो सामन्ता के निर्देशन मे मांडना कलाकार श्री मति राधा देवी एवं टीम सदस्यों द्वारा शहर का सौंदर्यकरण के लिए मांडना कार्य किया जा रहा है।

### कार से हुई टक्कर में ई-रिक्शा चालक घायल

**उज्जैन।** इंदौरगेट से दौलतगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात तेजगति से आई कार क्रमांक एमपी 06 झेडई 0223 के चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रिक्शा चालक गोविंद पिता प्रहलाद परिहार निसी नागेश्वर नगर घायल हो गया। रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों की मदद से चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने घायल चालक के बयान दर्ज कर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था।

### दिखावे का जीवन जीने की बजाय, गुणवान मनुष्य बनने का प्रयास करें

**मंदसौर।** मनुष्य जीवन महत्वपूर्ण है मनुष्य को यह जीवन बहुत पुण्यकर्म के बाद मिला है। मनुष्य को अपने इस जन्म का महत्व समझना चाहिये। मनुष्य के हृदय से सेंसिटिव अर्थात उदार हृदय का होना चाहिये। जीवन में यदि हम दूसरे के दुख को देखकर दुखी हो जाते है तो दुखी व्यक्ति को मदद करने की चेष्टा होती है तो मान लेना चाहिये कि आप सही अर्थों में मनुष्य कहलाने के योग्य है। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन आचार्य श्री जिनसुंदर सूरिश्वरजी म.सा. ने नईआबादी आराधना भवन मंदिर हाल में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने मंगलवार को धर्मसभा में कहा कि जो व्यक्ति जीवन भर गाड़ी, बंगला, ज्वेलरी एवं पारिवारिक सुखों के पीछे भागता है उसका जीवन भिखारी के समान है जिस प्रकार भिखारी अच्छे दिन की लालसा में भीख मांगकर धन इकट्ठा करता है लेकिन वह सुख नहीं भोग पाता। उसी प्रकार लालची व्यक्ति भी धन इकट्ठा तो करता है लेकिन उसे भोग नहीं पाता है और दान पुण्य भी नहीं करके केवल पाप कर्म बांधता है। आपने कहा कि हमें लालची मनुष्य नहीं बल्कि गुणवान मनुष्य बनना चाहिये। गुणवान मनुष्य वही है जो जरूरतमंदों, गरीबों, दीन दुखियों की मदद करे। ठण्ड में कोई ठिठूर रहा है तो उसके ठण्ड को रोकने के लिये उसे गर्म कपड़े दे दे वहीं व्यक्ति गुणवान है जो मुसीबत में फसे व्यक्तियों की मदद के लिये तत्पर रहे। आपने कहा कि आजकल किसी के पास थोड़े से पैसे आ जाते है तो वह घमण्डी हो जाता है।

# बदमाश ने ढांचा भवन की दुकान में की तोड़फोड़

### बदमाश चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ा तो दुकानदार ने भाग कर बचाई जान

### बदमाश की करतूत सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, दुकानदार ने चिमनगंज थाने में की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



ढांचा भवन में बदमाशों का आतंक इस कदर छाया हुआ है कि यहां के रहवासी व व्यापारी इन बदमाशों की हरकतों से डरे व सहमें में हुए हैं।

1 दिसंबर को ढांचा भवन क्षेत्र में चर्चित गुंडों की गैंग का एक सदस्य अपने दो अन्य साथियों के साथ क्षेत्र में स्थित किराने की दुकान पर पहुंचा और दुकानदार को डरा धमका कर रुपए की अवैध वसूली करने का प्रयास करने लगा। जिसकी शिकायत दुकानदार ने चिमनगंज थाने में की है। मिली जानकारी के अनुसार विनोद पिता त्रिलोकचंद भावसार की ढांचा भवन क्षेत्र में भावसार किराने के नाम से दुकान है। 1 दिसंबर की रात 10:00 बजे करीब जब दुकानदार विनोद भावसार अपनी दुकान बंदकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे।उस दौरान उनकी दुकान पर बाइक पर सवार होकर क्षेत्र का एक बदमाश अपन अन्य साथियों के साथ पहुंचा और दुकानदार से विवाद कर गाली गलौज कर दुकान में तोड़फोड़ कर दी तथा पैसे की मांग की। इस दौरान बदमाश चाकू निकालकर दुकानदार को मारने के लिए भी दौड़ा लेकिन जैसे तैसे दुकानदार ने भाग कर अपनी जान बचाई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वहां से भाग निकले। जिसकी शिकायत दुकानदार ने चिमनगंज थाने में की है।

बदमाशों की यह पूरी हरकत दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसके फुटेज भी सामने आए हैं तथा किस तरह बदमाश दुकान में तोड़फोड़ कर दुकानदार को धमकाने की कोशिश कर रहा हैं। तथा इस घटनाक्रम के फुटेज भी दुकानदार ने पुलिस को सौंपे हैं।

## गोलीकांड में शामिल आरोपी रिमांड पर, साथियों की तलाश

ग्राम सोडंग के पास सारीबारी मोड पर गोली मारकर की गई युवक की हत्या और उसके मामा पर हमला करने में शामिल एक आरोपी को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है, जिनसे बंदूक बरामद की जायेगी।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के सारीबारी मोड पर शोभाराम देपन के खेत से रविवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई थी। जिसकी हत्या का गोली मारकर की गई थी। मृतक की पहचान दशरथ मोंगिया निवासी इंद्रा गार्डन बदनावर के रूप में हुई थी। घटनाक्रम समाने आने के बाद पता चला था कि रात में हुई हत्या के दौरान मृतक के मामा कमल मोंगिया पर भी हमला हुआ है। उसे सिर में गंभीर चोंट लगी है, वह आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिये गया था। पुलिस ने कमल के बयान दर्ज किये। जिसमें सामने आया कि वह दशरथ और ओमप्रकाश के साथ मेला देखने आ रहा था। तभी शौच के लिये खेत में गये थे, जहां हमला हुआ है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सोड़ग के रहने सुरेश देपन को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। गोलीकांड और हमले में उसके साथ संतोष पिता बापूसिंह और राजस्थानी गडरिया भी शामिल होना सामने आया है। जिनकी तलाश जारी है। मामले में एसआई महेन्द्र सेंधव ने बताया कि पूरा घटनाक्रम राजस्थानी गडरिये की भेड़ चोरी की आशंका में होना सामने आया है। दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जांच में अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी गिरफ्तारी की कार्रवाई की जायेगी।

# नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की हुई स्थापना




ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रतापगढ़

राजकीय कन्या महाविद्यालय में नोडल प्राचार्य बी.एल. मीणा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक शगोपाल लाल सालवी की अध्यक्षता में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई। कार्यक्रम अधिकारी ममता कुंवर राठौड़ ने बताया की इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को शराब तंबाकू तथा अन्य प्रकार के नशे से दूर रख नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में नई किरण : नशा मुक्ति केंद्र में 30 छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को महाविद्यालय में नशामुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नोडल प्राचार्य बीएल मीणा ने बताया की नशामुक्ति किसी भी समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है। नशा समाज की लिए गंभीर समस्या बन चुका है इसके कारण से बहुत से युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है।

नशे का आदी व्यक्ति चाहते हुए भी इसे छोड़ नहीं पाता ऐसे व्यक्ति का सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन नशे के कारण बहुत ज्यादा प्रभावित होता है । इसलिए वर्तमान समय में सभी नव युवकों को नशे से दूर रहना चाहिए। महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने माय भारत क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र डाउनलोड किए।इस अवसर पर महा विद्यालय के सभी सहायक आचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के विरोध में आज ज्ञापन देगा सकल हिंदू समाज

### ज्ञापन दिए जाने तक बाजार बंद रखकर विरोध प्रदर्शन को समर्थन प्रदान करेंगे व्यापारी संगठन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

आज सकल हिंदू समाज के आव्हान पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर की जा रही अत्याचार की घटनाओं के विरोध में महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर दोप. 1 बजे प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। सकल हिंदू समाज के आह्वान पर मंदसौर के सभी व्यापारी संगठनों ने निर्णय लिया है कि ज्ञापन दिए जाने तक मंदसौर बंद रखकर विरोध प्रदर्शन को समर्थन प्रदान किया जाएगा। बैठक में बांग्लादेश में हिन्दू समाज के विरूद्ध घट रही घटनाओं के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए सदस्यों ने भारत सरकार से मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त कर बांग्लादेश सरकार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर हिन्दू समाज के साथ बांग्लादेश में जो हो रहा है, उसे अविलम्ब हर हालत में रोका जाकर उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। सर्व हिन्दू समाज की रैली को पूर्ण समर्थन देते हुए क्लाथ मर्चेन्ट्स एसोसिएशन, किराना मर्चेन्ट्स एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक व्यापारी एसोसिएशन सहित अन्य सभी व्यापारी संगठनों ने आज ज्ञापन दिए जाने तक अपने संस्थान बंद रखने का निर्णय लिया है। विरोध प्रदर्शन हेतु दोप. 1 बजे एकत्रीकरण महाराणा प्रताप चौराहे स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर होगा। यहां से बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, वंदे मातरम तिराहा होते हुए शहर कोतवाली पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रतापगढ़

विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष पर राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका एवं साइट सेवर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापगढ़ एवं धरियावद ब्लॉक में विश्व दिव्यंगिता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांगजन समूह सदस्यों एवं राजीविका क्लस्टर स्तरीय संगठन और महिला समूह सदस्यों द्वारा रैली का आयोजन कर दिव्यांग जनों के लिए समान अवसर समान सम्मान का संदेश दिया।



कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग जनों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों यथा रैली, चित्रकला में भाग लिया गया एवं राजीविका व साइट सेवर द्वारा प्रतिभागियों को मोमेंटो व सम्मान पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। खेरोट मे आयोजित कार्यक्रम मे साइट सेवर इंडिया से लोकेश प्रजापत एवं सूर्य सिंह द्वारा दिव्यांग जनों के अधिकार एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

राजीविका जिला प्रबंधक लाइवलीहुड कपिल देव द्वारा जानकारी दी गई की राजीविका एवं साइट सेवर इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांग जनों के अधिकारों व सरकारी योजनाओं के लाभ को सुनिश्चित करने हेतु दिव्यांगजन समूह का गठन किया जाकर आजीविका संवर्धन हेतु कार्य प्रगति पर है।

दिव्यांगता समावेशन के लिए जिले में कुल 722 दिव्यंगजनो के 142 दिव्यांगजन समूह प्रतापगढ़ एवं धरियावद पंचायत समिति में गठित किया जाकर परियोजना का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है एवं भविष्य में इनके आजीविका संवर्धन हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाकर विभिन्न प्रशिक्षण एवं आजीविका गतिविधियां किया जाना प्रस्तावित है।

जिले के विभिन्न स्थानो पर आयोजित कार्यक्रम जैसे प्रतापगढ़ पंचायत समिति के समृद्धि कलस्टर संगठन घोटारसी, महाराणा प्रताप कलस्टर संगठन, खेरोट, जीवन ज्योति कलस्टर संगठन, प्रतापगढ़, वसुंधरा कलस्टर संगठन मुन्गाणा, जय श्री राम कलस्टर संगठन केसरीयावाद मे आयोजित कार्यक्रम मे दिव्यंगजन समूह के कुल 300 से दिव्यंगजनो के साथ साइट सेवर एवं के राजीविका के स्टाफ व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उज्जैन
बुधवार
04
दिसम्बर, 2024

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

**योगरतो वाभोगरतोवा, सङ्गरतो वा सङ्गवीहिनः।
यस्य ब्रह्मणि रमते चित्तं, नन्दति नन्दति नन्दत्येव॥**

**अर्थः** कोई योग में लगा हो या भोग में, संग में आसक्त हो या निसंग हो, पर जिसका मन ब्रह्म में लगा है वो ही आनंद करता है, आनंद ही करता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर एयरपोर्ट पर रात में ट्रायल उड़ान के कारण रहवासी हो रहे परेशान

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट पर रात में उड़ानों का संचालन बंद होने का फायदा इंडिगो एयरलाइंस उठा रही है। दरअसल, रात में रनवे खाली रहने के कारण इंडिगो अपने पायलटों को 'टच एंड गो' ट्रेनिंग देने, विमानों की मरम्मत करने और ट्रायल फ्लाइंग कराने में इस समय का उपयोग कर रही है। फरवरी से, एक दशक बाद, इंदौर एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत का कार्य शुरू होगा, जिसके लिए टेंडर जारी हो चुके हैं। चूंकि दिन में उड़ानों की संख्या अधिक होती है, इसलिए यह कार्य रात में किया जाएगा। अक्टूबर के अंत में लागू हुए विंटर शेड्यूल के तहत सभी एयरलाइंस ने इंदौर से रात की उड़ानें बंद कर दी हैं, जिससे रात को रनवे खाली रहता है। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि मरम्मत कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। वहीं, इंडिगो अपने विमानों की नाइट पार्किंग इंदौर एयरपोर्ट पर करती है। इस दौरान विमानों की मरम्मत और ट्रायल फ्लाइंग के साथ-साथ पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जो एक रूटिन प्रक्रिया है। रात में विमानों के चक्कर लगाने से आसपास के रहवासी परेशान हो रहे हैं। पहले, रनवे बंद होने से पहले रात 2 बजे पुणे की उड़ान आती थी, और इसके बाद सुबह से विमानों का संचालन शुरू होता था। अब, प्रशिक्षण और ट्रायल फ्लाइंग के कारण रात में विमान उड़ते और चक्कर लगाते रहते हैं, जिससे स्थानीय लोग हैरान हो जाते हैं।

### आयरन स्क्रैप से बन रहा सांची स्तूप का दक्षिण द्वार, लगेगी प्रतिकृति

**इंदौर।** आयरन स्क्रैप का इस्तेमाल कर इंदौर में सांची स्तूप का दक्षिण द्वार बनाया जा रहा है। यह स्ट्रक्चर गांधी भवन चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास 6 दिसंबर को जनता के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। यह संरचना 15 फीट ऊंची, 10 फीट चौड़ी और 1.6 फीट मोटी होगी। दरअसल, विश्राम बाग में आयरन स्क्रैप से बने अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति ने पूरे देश में पहचान बनाई है। इसी तरह, कई अन्य आयरन स्ट्रक्चर भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। सांची स्तूप का यह दक्षिण द्वार शहर के गीता भवन चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित किया जा रहा है। सांची स्तूप के दक्षिण द्वार की प्रतिकृति मेटल शीट, लोहे के पाइप, मोटरसाइकिल की चेन, गियर पार्ट्स, नट-बोल्ट, पुराने वाहनों के पुर्जों, पुरानी व्हीलचेयर और अन्य आयरन स्क्रैप से तैयार की जा रही है। इस संरचना के निर्माण में लगभग 1 टन लोहे के स्क्रैप का उपयोग किया गया है।

### ऑटो ड्राइवर का शव मिला, राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**इंदौर।** इंदौर के बिजासन माता मंदिर के पास सोमवार शाम एक ऑटो ड्राइवर का शव उसकी गाड़ी में पड़ा मिला। पुलिस ने सूचना के बाद शव को जिला अस्पताल भेजा है। रिश्तेदारों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। परिवार का कहना है कि गांधी नगर में कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था। इसके कारण उन्हें घर पर ताला लगाकर चंदन नगर में किराए से रहना पड़ा। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान सईद पुत्र इसहाक निवासी चंदन नगर के रूप में हुई है। सईद सवारी ऑटो चलाता था। परिवार के लोगों ने बताया कि सोमवार सुबह वह सेन्ट्रल स्कूल एरोड्रम में बच्चे छोड़ने गया था। इसके बाद घर नही आया। शाम को किसी ने सुनसान इलाके में खड़े रिक्शा में पुलिस को शव पड़े होने की पुलिस को जानकारी दी थी। सईद का गांधी नगर में मकान है। बेटी से विवाद को लेकर उन्होंने कुछ लोगों की शिकायत गांधी नगर पुलिस को राखी के समय की थी। जिसके बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की थी।




**दैनिक ब्रह्मास्त्र. इंदौर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज विरोध रैली में अपने सैकड़ों साथियों के साथ शामिल हुए भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे।

## बिलावली के पास खेत पर मृत मिले 8 मोर, विषैले पदार्थ से मौत की आशंका



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

बिलावली के पास स्थित दुगार्पुर में एक खेत पर आठ राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में मिले। सूचना मिलते ही वन विभाग व डाक्टरों की टीम मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक पांच मादा, तीन बच्चे खेत पर मृत अवस्था में मिले हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

इनकी मौत कैसे हुई यह अभी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले में डीएफओ प्रदीप मिश्र ने बताया कि वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर राजस्व ग्राम दुगार्पुरा के कृषक के टमाटर के खेत में 8 मोर मृत पाए गए। घटना लगभग प्रातः 11 बजे की है। ग्रामीण के द्वारा सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। मौके पर सभी मृत मोर पक्षी के समस्त अंग सुरक्षित पाए गए। प्रथम दृष्टया कीटनाशक अथवा कोई विषैला पदार्थ खाने से मृत्यु होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मौके से आवश्यकतानुसार मिट्टी, जल स्त्रोत, चने एवं टमाटर के खेत में डाले जाने वाले सभी प्रकार के पेस्टीसाइड, इनसेक्टिसाइड के सैंपल बोतल सहित लेकर सुरक्षित रख लिए गए हैं।

### खाद्य विभाग का अभियान हुआ बंद

## टेस्टिंग लैब ने ही टीम का साथ छोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

पिछले दिनों खाद्य विभाग ने प्रचार प्रसार के साथ ही मात्र 10 में चलित मोबाइल टेस्टिंग फूड लब की शुरूआत की थी, लेकिन वह चार दिन भी नहीं चल पाया।

अब हालात बाजार में नहीं दिख रही है। बताया जाता है कि अशुद्ध के विरुद्ध शुद्ध अभियान के अंतर्गत खाद्य पदार्थों की जांच के लिए चलित मोबाइल टेस्टिंग फूड लब की उक्त फूड टेस्टिंग लब शहर के अलग-अलग बाजारों में खाने-पीने की दुकानों पर पहुंचकर नमूने लेकर जांच करेगी।

इसके साथ ही मात्र 10 का शुल्क देकर कोई भी व्यक्ति यहां पर खाद्य पदार्थ की जांच करवा सकते हैं। गर्मी के मौसम के साथ ही बारिश का मौसम भी निकल गया। मोबाइल वैन थोड़े दिन भी नहीं चली और खराब हो गई। अब जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी भी नहीं है कि यह चलित लैब कहां पर पड़ी हुई है। ऐसे में शहर भर में इन दोनों त्योहार के कारण हर जगह खाद्य पदार्थों की जांच होना थी लेकिन ऐसे समय उक्त मशीन कोई काम नहीं आ रही है। एक बार फिर से भोपाल के भरोसे जांच रिपोर्ट रहना पड़ेगा ,क्योंकि सैंपलिंग के बाद भी रिपोर्ट के इंतजार में या तो जबलपुर भोपाल या फिर उज्जैन के भरोसे रहना पड़ता है। खाद्य लैब इंदौर में है वह भी पूरी तरह से अपना काम नहीं कर पा रही है। वास्तव में देखा जाए तो काफी समय पहले ही उसको काम पूरा करना था परंतु ऐसा नहीं कर पाई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हम लोग मोबाइल फूट टेस्टिंग वन खराब है उसके सुधार के कार्य चल रहे हैं जल्द ही इस पर काम होगा। अभी त्यौहार में वैसे भी खाद्य विभाग की ओर से अभियान चल रहा है।

## ऑटो ड्राइवर ने जहर खाया, तड़पता रहा, पुलिसकर्मी वीडियो बनाते रहे

### ऑटो ड्राइवर श्यामलाल यादव ने की खुदकुशी

### मृतक के परिजनों ने बड़े भाई पर लगाया आरोप

### पुलिस और एंबुलेंस के रवैये से भी हैं नाराज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर में एक ऑटो चलाने वाले व्यक्ति श्यामलाल यादव ने जहर खा लिया। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे मगर उसका वीडियो बनाते रहे। उपचार में देरी हो गई और श्यामलाल की मौत हो गई। ऑटो रिक्शा ड्राइवर श्यामलाल के स्वजन ने बड़े भाई ओमप्रकाश पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस और एम्बुलेंस( 108 )से भी नाराज है।



घटना बाणगंगा थाना अंतर्गत प्रिंसनगर की है। 45 साल के श्यामलाल के भांजे अमन यादव के मुताबिक सबसे बड़े मामा लोकेश मिल मजदूर रहे हैं। उनका निधन हो चुका है। परिवार को मिल का रुपया मिलने वाला था। बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। ओमप्रकाश पूरा रुपया हड़पना चाहते थे।


श्यामलाल ने इस कारण घर में रुकना बंद कर दिया था। परेशान होकर श्यामलाल ने जहर खा लिया। लोगों ने श्यामलाल का वीडियो बनाया और डायल-100 पर कॉल लगाया। पुलिसकर्मी पहुंचे और पूछताछ करते रहते। उस वक्त श्यामलाल जिंदा थे। एम्बुलेंस-108 आई लेकिन पायलट देख कर चला गया। पुलिसवालों ने भी मानवीयता नहीं दिखाई। जहर की शीशी देखने के बाद भी चले गए। वक्त पर उपचार मिलता तो श्यामलाल की जान बच सकती थी।

### बड़े भाई पर आरोप

- प्रिंस नगर(बाणगंगा)में आटो चालक श्यामलाल यादव ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने बड़े ओमप्रकाश पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।
- श्याम के भानजे अमन यादव के मुताबिक सबसे बड़े मामा का निधन हो चुका है। वो मील में नौकरी करते थे। मील मजदूरों का रुपया मिलने वाला था।
- ओमप्रकाश इसको लेकर परेशान कर रहा था। इसी कारण श्यामलाल ने जहर खा लिया।
- अमन के मुताबिक जहर खाने के बाद पुलिसवाले आ गए लेकिन उन्होंने अस्पताल नहीं भिजवाया।
- एम्बुलेंस वाले भी पूछताछ करते रहे। वक्त पर उपचार मिलता तो श्यामलाल बच जाता।
- पुलिसवालों ने उसका वीडियो बनाया लेकिन अस्पताल नहीं ले गए। बेहोशी की अवस्था में भी उससे पूछताछ करते रहते।



## विक्रांत मैसी ने
# टीवी से की थी अपने करियर की शुरूआत



### इन शोज से दिल जीत चुके हैं अभिनेता

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सुर्खियों में रहने की वजह है उनका हालिया बयान। दरअसल, विक्रांत ने अभिनय से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। आइए जानते हैं विक्रांत के सफर की शुरूआत कहां से हुई थी।

विक्रांत मैसी ने हिंदी फिल्मों में काम करने से पहले टेलीविजन से अपने अभिनय की शुरूआत की थी। विक्रांत ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर 2025 से फिल्मों से संन्यास की घोषणा की है, जिससे उनके प्रशंसक बेहद उदास हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए प्रसिद्ध विक्रांत ने कई टीवी सीरियल्स में बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है।

### टीवी शोज में काम कर चुके हैं विक्रांत

आरडी नेशनल कॉलेज से अपनी शिक्षा पूरी करने वाले अभिनेता विक्रांत ने धूम मचाओ धूम सीरीज से अपने अभिनय की शुरूआत की थी। इसके बाद विक्रांत ने कई पॉपुलर टीवी शोज में काम किया और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई। विक्रांत ने फिल्मों में आने से पहले बालिका वधू, कबूल है, धरम वीर, गुमराह और डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा से जमकर प्रसिद्धि हासिल की है।

- **धरम वीर-** विक्रांत ने 2008 में टीवी सीरियल धरम वीर में अभिनय किया है। धरम वीर एक भारतीय ऐतिहासिक टेलीविजन शो है। यह धरम और वीर नामक दो राजकुमारों और उनके जीवन को आगे बढ़ने के रोमांच की एक काल्पनिक कहानी है। इसे सागर पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है। धरम वीर यह टीवी शो विक्रांत मैसी के करियर का काफी सफल टीवी शो रहा है। इस टीवी सीरियल में विक्रांत ने राजकुमार धरम का रोल निभाया था।
- **बालिका वधू-** विक्रांत ने मशहूर टीवी सीरियल बालिका वधू में भी अभिनय किया है। इस टीवी शो में विक्रांत ने सुगना यानी वीभा आनंद के सपोर्टिंग हसबैंड श्याम सिंह का किरदार निभाया था, जो हर किसी को पसंद आया था। इस टीवी शो के बाद विक्रांत ने कई सुपरहिट टीवी शो किए।
- **कुबूल है -** विक्रांत मैसी ने कुबूल है टीवी सीरियल से भी दर्शकों का दिल जीता है। 'कुबूल है' में विक्रांत मैसी ने अयान अहमद खान का किरदार निभाया था। इसके अलावा विक्रांत ने ह्यबाबा ऐसो वर ढूंढोह्न टीवी सीरियल में मुरली लाल का किरदार निभाया था।
- **गुमराह-** टीवी सीरियल ह्यगुमराहः एंड ऑफ इनोसेंसह्न में विक्रांत ने शोहबित नाम का किरदार निभाया था, जो सभी को बेहद पसंद आया था। इसके अलावा विक्रांत डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा का भी हिस्सा रह चुके हैं।



## इस वजह से
# रद्द हुआ
## सनी लियोनी का हैदराबाद वाला शो
### पुलिस ने नहीं दी कार्यक्रम की अनुमति

अभिनेत्री सनी लियोनी का हैदराबाद में शो होने वाला था, जिसे रद्द कर दिया गया। इस शो के न होने का कारण सामने आ गया है।

अभिनेत्री सनी लियोनी हैदराबाद के इल्यूजन पब में डीजे नाइट का हिस्सा बनने वाली थीं, हालांकि उन्होंने आखिरी समय पर इस इवेंट को रद्द कर दिया।इसका कारण सामने आ गया है, माना जा रहा है कि पुलिस ने इस समारोह के लिए अनुमति नहीं दी।



### बिकी 500 से ज्यादा टिकट

सनी लियोनी को इस लाइव कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए हैदराबाद बुलाया गया था, जो शनिवार को रात 11 बजे से 12:30 बजे के बीच होना था। खबरों की मानें तो इस शो की 500 से ज्यादा टिकट बुक माई शो में बिकीं। हालांकि, आयोजकों ने अनुमति न मिलने के बावजूद कार्यक्रम आयोजित किया।

### पुलिस अधिकारियों ने किया मजबूर

इसके बाद जुबली हिल्स पुलिस ने हस्तक्षेप किया। पुलिस ने पब के बाहर इकट्ठा होकर निमार्ताओं को कार्यक्रम रद्द करने पर मजबूर कर दिया। रात 8 बजे से सुबह 1 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर करीब 100 पुलिस अधिकारी तैनात थे। जैसे ही शाम 8 बजे के आसपास उपस्थित लोग पहुंचने लगे, उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त की।

### आयोजकों ने कही ये बात

समारोह रद्द होने पर आयोजकों ने लिखा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण, सनी लियोन आज प्रदर्शन नहीं करेंगी। हालांकि, क्लब बॉलीवुड नाइट को योजना के अनुसार जारी रखेगा। किसी भी असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। खबरों की मानें तो पुलिस अधिकारी रात एक बजे तक कार्यक्रम स्थल से चले गए थे।

### उत्साहित रहे प्रशंसक

अभिनेत्री सनी लियोनी के शो के लिए प्रशंसक काफी उत्साहित थे। उनकी फिल्म और आइटम सॉन्ग के कारण जाना जाता है। वहीं, बोल्ड अंदाज के कारण भी वे प्रशंसकों के बीच चर्चा में रहते हैं। सनी लियोन की दिलकश अदाएं प्रशंसकों को बहुत भाती हैं।

## मलाइका ने बिखेरा हुस्न का
# जलवा



### खुली जुल्फों में देखें स्टाइलिश फोटोज

मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के चलते सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका स्टनिंग लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने बेहद ही स्टाइलिश फोटोशूट करवाया है। इस दौरान उन्होंने रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 50 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी अपनी खूबसूरती से यंग गर्ल्स को इंस्पायर करती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही हॉट फोटोशूट करवा रही हैं।

बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइक अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।मलाइका अरोड़ा भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।





# सूर्या 44 में
## डांस नंबर करती दिखेंगी श्रिया सरन

श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर चर्चा जोरो पर है। बीते दिनों खबरें थीं कि श्रिया फिल्म निमार्ता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 से जुड़ गई हैं। वहीं, अब इन रिपोर्ट्स पर खुद अभिनेत्री ने पक्की मुहर लगा दी है। साथ ही अपने बयान से प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाती नजर आई हैं।

अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक गैंगस्टर ड्रामा सूर्या 44 में स्पेशल डांस नंबर में अपनी भागीदारी की पुष्टि की। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने खुलासा किया, मैंने सूर्या सर की फिल्म में एक गाना शूट किया है। इसे शूट करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। मुझे लगता है कि गाना दिसंबर में आ रहा है।गोवा में एक विशेष रूप से निर्मित सेट पर फिल्माया गया यह गाना श्रिया की सुंदरता और ऊर्जा को उजागर करते हुए एक शानदार विजुअल ट्रीट देने का वादा करता है। इस डांस नंबर में सूर्या भी हैं। यह गाना निश्चित रूप से फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होगा।

श्रिया ने अपने आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर भी बात करते हुए कहा, मैं एक आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं, और शूटिंग तीन दिनों में शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बारे में अधिक जानकारी देने से परहेज किया।सूर्या 44 के निर्माताओं ने हाल ही में फिल्मांकन पूरा किया है। फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। फिल्म में पूजा हेगड़े भी हैं और इसमें जयराम, जोजू जॉर्ज और करुणाकरण सहित कई शानदार सहायक कलाकार हैं। 10 अप्रैल, 2025 को भव्य रिलीज के लिए तैयार, फिल्म में संतोष नारायणन का संगीत और शफीक मोहम्मद अली का संपादन है। यह सूर्या की 2डी एंटरटेनमेंट और कार्तिक सुब्बाराज की स्टोन बेंच फिल्म्स द्वारा सह-निर्मित है।

## भारत से दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा तगड़ा झटका

# चोटिल हुआ बल्लेबाज, गेंदबाज टीम से बाहर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 से बढ़त बना रखी है। अब इस टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 6 दिसंबर से एडिलेड में दूधिया रोशनी के बीच खेला जाएगा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अभी तक कुछ भी सही नहीं रहा है।

पहला टेस्ट गंवाने के बाद तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पहले ही साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वहीं, अब स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को मंगलवार को नेट सेशन के दौरान उंगली में चोट लग गई है। इस चोट के बाद वे प्रैक्टिस सेशन छोड़कर मैदान से लौट गए। विमल कुमार के एक ट्वीट के अनुसार, स्टीव स्मिथ की उंगली पर चोट तब लगी जब साथी खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन ने स्मिथ को थ्रोडाउन देना शुरू किया। इसके बाद वह फिजियो के साथ नजर आए और उसके बाद वे नेट्स से चले गए। पर्थ में खेले गए के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम को संघर्ष करना पड़ा था, जहां उनके सभी बल्लेबाज सामूहिक रूप से विफल रहे। खासकर स्टीव स्मिथ मैच में केवल 17 रन बना सके।




### बेहद खराब रहा 2024

बता दें कि 2024 दिग्गज स्मिथ के लिए सबसे खराब वर्षों में से एक रहा है, जो 6 मैचों में 25 की औसत से केवल 230 रन ही बना पाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 91 है। इसके अलावा उनके पास दिखाने के लिए कुछ खास नहीं है। अभी तक उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है, और एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट के करीब ही चीजें स्पष्ट हो पाएंगी।

## वहीं उन्हें मार के आओ...

# चैंपियंस ट्रॉफी विवाद पर आया शोएब अख्तर का बयान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कराची

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विवाद को लेकर भारत और आईसीसी के रुख से सहमत नहीं हैं। इसके अलावा वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आगामी टूनार्मेंट्स के लिए टीम को भारत नहीं भेजने के फैसले से भी खुश नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी पक्षों के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है, लेकिन पीसीबी ने अपनी मंजूरी पर मुहर लगाने के लिए कुछ मांगें और शर्तें रखी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूनार्मेंट की मेजबानी के अधिकार रखने वाले पीसीबी पूरे टूनार्मेंट का आयोजन पाकिस्तान में करने पर आमादा है, लेकिन आईसीसी के साथ हालिया बैठक में उन्होंने अपना रुख नरम किया है। हालांकि, पीसीबी ने कथित तौर पर भारत में आयोजित होने वाले सभी आईसीसी आयोजनों को भी एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने की मांग की है। अब इस पर शोएब अख्तर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अख्तर ने एक पाकिस्तानी चैनल से बात करते हुए रेवेन्यू के ज्यादा हिस्से की मांग पर पीसीबी के रुख से सहमति व्यक्त की क्योंकि टूनार्मेंट अब एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, वह भविष्य के आईसीसी आयोजनों के लिए पाकिस्तान टीम के भारत की यात्रा नहीं करने के रुख के संबंध में पीसीबी के खिलाफ हैं।

## ड्रेसिंग रूम में दरार की बात अफवाह

# हम एडिलेड में बुमराह की चुनौती को तैयार : हेड



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ एडिलेड

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच की तैयारियों के बीच परेशानियों से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप और उनके मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के बीच तनाव की अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने टीम के प्रदर्शन और उन पिछले उदाहरणों की ओर इशारा किया, जहां टीम ने मुश्किल परिस्थितियों पर काबू पाया।

हेड ने सोमवार को एडिलेड में द ऑस्ट्रेलियन के हवाले से कहा, (अन्य बल्लेबाज) बल्लेबाजी टिप्स के लिए मेरे पास नहीं आ रहे हैं, यह पक्का है। हर कोई अलग-अलग तरीकों से इसे करता है... हम सभी एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं... हम अगले तीन या चार दिनों में इस बारे में बात करेंगे। पिछले तीन या चार सालों में हमने जो भी कम खेला है, हमने अच्छा खेला है।

उन्होंने कहा, पिछले साल हमारे सामने कुछ चुनौतीपूर्ण समय और कुछ चुनौतीपूर्ण टेस्ट मैच आए, जिनसे हम बाहर निकलने में सफल रहे... यह एक ऐसा समूह है जो अच्छी तरह से संतुलित है और जानता है कि वह कहां है। हमारा सप्ताह बहुत अच्छा नहीं रहा। यह ठीक है। लेकिन हमारे पास ऐसा करने के लिए चार और अवसर हैं, हम आगे भी ऐसा ही करेंगे, जैसा कि हमने पिछले कुछ वर्षों में किया है।

# जय शाह ने आईसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल की शुरूआत की, बार्कले की जगह संभाला पद

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

जय शाह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव के रूप में काम करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के तौर पर अपने कार्यकाल की शुरूआत कर दी है। जय शाह इस साल अगस्त में आईसीसी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। वह इस पद को संभालने वाले सबसे युवा अध्यक्ष हैं। आईसीसी ने रविवार को इस बात की जानकारी दी।

**बार्कले की जगह संभाला पद-** जय शाह ग्रेग बार्कले की जगह इस पद बैठे हैं जो नवंबर 2020 से आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे। आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपने पहले वक्तव्य में शाह ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने और महिलाओं के खेल के विकास को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया। शाह ने पिछले चार वर्षों में निवर्तमान आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले को उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। शाह ने कहा, मैं ग्रेग बार्कले को पिछले चार वर्षों में उनके नेतृत्व और उस अवधि के दौरान हासिल किए गए उपलब्धियों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।



### आईसीसी अध्यक्ष बनने वाले पांचवें भारतीय

जय शाह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं। शाह से पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं। 36 साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआई सचिव के तौर पर काम कर रहे थे। जय शाह का कार्यकाल चुनौतियों के साथ शुरू होगा क्योंकि आईसीसी को पाकिस्तान में निर्धारित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को लागू करने के लिए एक स्वीकार्य समाधान खोजने की जरूरत है।

### 2009 से शुरू हुआ प्रशासक बनने का सफर

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के पुत्र जय शाह का क्रिकेट प्रशासक बनने का सफर 2009 में शुरू हुआ। उन्होंने अहमदाबाद में सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट के कार्यकारी सदस्य के रूप में काम शुरू किया। इसके बाद सितंबर 2013 में वह गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) के संयुक्त सचिव बने और उन्होंने अपने पिता तथा तत्कालीन जीसीए अध्यक्ष के साथ काम किया।

### बीसीसीआई में कैसे मिली एंट्री?

शाह को बीसीसीआई में आने में ज्यादा समय नहीं लगा। वह पहले 2015 में बोर्ड के वित्त और मार्केटिंग समिति के सदस्य बने और फिर अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई के सबसे युवा सचिव बने। बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने सौरव गांगुली के साथ मिलकर काम किया, जबकि इसके बाद वह रोजर बिन्नी के साथ कार्य करने लगे। मालूम हो कि बिन्नी फिलहाल बीसीसीआई अध्यक्ष हैं। शाह के बीसीसीआई सचिव के रूप में सबसे बड़ा काम 2022 में आईपीएल मीडिया अधिकारों को पांच साल के लिए 48390 करोड़ रुपये में बेचना रहा। इससे आईपीएल प्रत्येक मैच वेल्यू के आधार पर नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दूसरा मोस्ट वेल्यूड स्पोर्टिंग लीग बना।


### दो बार बने एसीसी अध्यक्ष

शाह सिर्फ बीसीसीआई तक ही सीमित नहीं रहे। उन्हें जनवरी 2021 में एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व कुशलता को देखते हुए इस साल जनवरी में शाह को एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी गई। नवंबर 2022 में शाह आईसीसी की शक्तिशाली वित्त और वाणिज्यिक मामलों की उप समिति के प्रमुख बने। शाह ने इसके साथ ही राष्ट्रमंडल खेल जैसे इवेंट में क्रिकेट को शामिल कराने पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



### केंद्र सरकार ने

# विंडफॉल टैक्स हटाया, सस्ते हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

खबर पेट्रोल डीजल की कीमत को लेकर है। आने वाले दिनों में पेट्रोल डीजल सस्ते हो सकते हैं। दरअसल केंद्र सरकार ने कच्चे तेल से विंडफॉल टैक्स हटा दिया है। अब कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स नहीं लगेगा।इससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि पेट्रोल डीजल सस्ते होंगे। वैसे एक संभावना यह भी है कि इस कदम से तेल कंपनियों रिलायंस और ओएनजीसी को तो राहत मिलेगी और उनके ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन में बढ़ोतरी हो सकती है लेकिन पेट्रोल डीजल की कीमतें कम नहीं होंगी।वैसे हर राज्य में पेट्रोल डीजल की कीमत अलग-अलग होती है। वैसे देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रोजाना उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसी के तहत कुछ जगहों पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आती है तो कुछ जगहों पर बढ़ोतरी होती है। इसी कड़ी में सरकारी तेल कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे कीमतें अपडेट करती हैं।

### आरबीआई ने बताया 6839 करोड़ रुपये के

# 2000 के नोट अब भी जनता के पास



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को बताया कि 2,000 रुपये के 98.08 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और 6,839 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था, 29 नवंबर, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,839 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2,000 रुपये के 98.08 प्रतिशत नोट अब तक वापस आ चुके हैं। 2,000 रुपये के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में उपलब्ध है। 9 अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के इश्यू कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2,000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, आम लोग देश के किसी भी डाकघर से इंडिया पोस्ट के जरिए 2,000 रुपये के बैंक नोट अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए आरबीआई के किसी भी इश्यू कार्यालय में भेज सकते हैं। आरबीआई के अनुसार 2,000 रुपये के बैंक नोट मान्य बने रहेंगे। बैंक नोट जमा करने/बदलने वाले 19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवंबर 2016 में 1,000 रुपये और 500 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण के बाद 2,000 रुपये के बैंक नोट शुरू किए गए थे।

### जीएसटी कौंसिल की सिफारिश

# सिगरेट-तंबाकू से कोल्ड ड्रिंक तक होंगे महंगे, 35% टैक्स लगाने की सिफारिश




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सिगरेट और तंबाकू पर लगने वाले जीएसटी की दरों में इजाफा किया जा सकता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित किए गए मंत्रियों के समूह ने तंबाकू प्रोडक्ट्स पर जीएसटी 28 फीसदी से बढ़ाकर अब 35 फीसदी किए जाने की सिफारिश की है। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला इसी महीने 21 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा।एक रिपोर्ट के मुताबिक, जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह ने सोमवार को सिगरेट एवं तंबाकू जैसे हानिकारक प्रोडक्ट्स के साथ ही कोल्ड ड्रिंक पर भी जीएसटी की दर को मौजूदा 28 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी किए जाने की सिफारिश की। अगर सरकार की ओर से ये फैसला लिया जाता है, तो इन प्रोडक्ट्स के दाम में तगड़ा उछाल देखने को मिल सकता है।एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में जानकारी देते हुए कहा गया है कि बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में जीओएम ने ये फैसला किया है। यहां बता दें कि 35 फीसदी की ये जीएसटी दर मौजूदा चारों स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के अतिरिक्त होगी। जीओएम ने रेडीमेड और महंगे कपड़ों पर टैक्स रेट्स को भी तर्कसंगत बनाने के साथ ही समेत 148 आइटम्स की दरों में बदलाव की सिफारिश की है।मंत्रियों के समूह ने 1,500 रुपये तक की कीमत वाले रेडीमेड कपड़ों पर 5 फीसदी जीएसटी की सिफारिश की है, तो वहीं 1,500 से 10,000 रुपये तक कीमत वाले कपड़ों पर 18 फीसदी और इससे अधिक वैल्यू वाले कपड़ों पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगाए जाने की अनुशंसा की गई है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | | | | | | |
| | | | 6 | | | | 5 | |
| | 3 | | | | 2 | | | |
| | | | 4 | 2 | | 9 | 7 | |
| 9 | | | | 7 | | | 3 | |
| | | | | | 5 | | | 6 |
| | 5 | 8 | | | 9 | | 6 | 3 |
| | | | | | 8 | | | 5 |
| 6 | | | 3 | | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 2 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 1 |
| 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | ■ |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |

**बाएँ से दाएँ**

1. व्यर्थ की बातों में समय बिताने की क्रिया या भाव; बकवाद।

3. जिसे भाँग पीने की लत हो; रोजाना भाँग पीने वाला; भंगड़।

6. शरीर के वे अंग जो संतान को जनने या जनाने का कार्य करते हैं; गुप्तांग

7. 1. विलास करता हुआ 2. शोभित 3. चमकता हुआ 4. व्यक्त 5. विनोदी।

**ऊपर से नीचे**

1. शब्दों के अंत में जुड़कर 'घूमने-फिरने वाले' का अर्थ देता है

2. दुकान आदि पर खरीददारी के समय दुकानदार से मोलभाव करने की प्रक्रिया मोलभाव; सौदेबाजी।

4. 1. खनिज लवण; धातु लवण 2. कच्ची धातु।

5. चारों ओर; चारों तरफ; चारों दिशाओं में; चौगिर्द।

## पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | द | ना | ■ | ■ | 2 म |
| ठ | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | श |
| डं | ■ | ■ | टी | ■ | क |
| 4 ड | 5 ब | ड | बा | ना | ■ |
| ■ | र | ■ | यो | ■ | 6 टा |
| ■ | दा | ■ | टि | ■ | ट |
| 7 गि | र | ह | क | ट | ■ |

■ वर्ष-11 अंक-32 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 04 दिसम्बर, 2024

## सुभाषितानि

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु :खितै : सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

**भावार्थ** : मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुःखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुःखी हो ही जाता है।

भगवद् गीता किञ्चिदधीता, गङ्गा जललव कणिकापीता।
सकृदपि येन मुरारि समर्चा, क्रियते तस्य यमेन न चर्चा॥

**भावार्थ** : जिन्होंने भगवदगीता का थोडा सा भी अध्ययन किया है, भक्ति रूपी गंगा जल का कण भर भी पिया है, भगवान कृष्ण की एक बार भी समुचित प्रकार से पूजा की है, यम के द्वारा उनकी चर्चा नहीं की जाती है।

## सम्पादकीयम्

### अनिश्चितता साधु नास्ति

इदमपि वक्तव्यं स्यात् यत् महाराष्ट्रस्य समकालीनराजनीतेः एकं रोचकं वैशिष्ट्यं यत् मतदातानां दृढं जनादेशं विद्यमानमपि सर्वकारनिर्माणप्रक्रिया कष्टैः परितः दृश्यते। स्वपक्षतः शपथग्रहणस्य तिथिं घोषयित्वा भाजपा तावत्पर्यन्तं सर्वेषां मतभेदानाम् समाधानं कर्तुं निश्चितरूपेण प्रयतते, परन्तु अस्य पदस्य कियत्, कीदृशं च प्रभावः भविष्यति इति विषये तत्कालं निष्कर्षं कर्तुं कठिनं सिद्धं भवति। यद्यपि राजनीतिषु एतादृशी भ्रमस्य स्थितिः उत्पद्यते, परन्तु महायुतेः यत प्रकारस्य अप्रत्याशितविजयं प्राप्तवती तत् तदनन्तरं न अपेक्षितम् आसीत्। इस देरी से जहां जनता के बीच महायुति के घटक दलों में आपसी विश्वास और सामंजस्य की कमी का संदेश जा रहा है और सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर की स्थिति असहज हो रही है, वहीं विपक्षी खेमे को भी टीका-टिप्पणी का मौका मिल रहा अस्ति। यद्यपि सम्प्रति कार्यवाहकमुख्यमन्त्रिणः भूमिकां निर्वहन् एकनाथशिण्डे सहसा सतारा गत्वा उपविष्टवान् तथापि तस्य स्वास्थ्यस्य स्थितिः औपचारिकरूपेण उद्धृता अस्ति तथापि तस्य स्वपक्षस्य बहवः नेतारः परोक्षधमकीरूपेण तस्य उपयोगं कुर्वन्ति इति कथ्यते यत् शिण्डे एवम् एव स्वग्रामं गच्छति यदा 'बृहत् निर्णयः' कर्तव्यः भवति। अतः शिण्डे किं करिष्यति इति अनुमानं भवति।

### निर्वाचनआयोगः ईवीएम इत्यस्मिन् पारदर्शीप्रक्रियायाः

# समीक्षां करिष्यति इति काङ्ग्रेस प्रतिनिधिमण्डलेन आमन्त्रितम्




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

निर्वाचनआयोगस्य अनुसारं मतदानप्रक्रियायाः प्रत्येकस्मिन् चरणे अभ्यर्थीनां तेषां एजेण्टानां च सहभागिता सह पारदर्शी प्रक्रिया अनुसृता भवति। महाराष्ट्रनिर्वाचने मतदानप्रतिशतसम्बद्धानां चिन्तानां विषये निर्वाचनआयोगेन काङ्ग्रेसप्रतिनिधिमण्डलं ३ दिसम्ब दिनाङ्के सभायाः आमन्त्रणं कृतम् अस्ति। हरियाणाविधानसभानिर्वाचनानन्तरं ईवीएमप्रक्रियायाः विषये काङ्ग्रेसेन अपि किञ्चित् आशङ्का प्रकटिता आसीत्। काङ्ग्रेसस्य सर्वाणि वैधचिन्तनानि समीक्ष्य दलस्य प्रतिनिधिमण्डलं श्रुत्वा लिखितप्रतिक्रियां दास्यति इति निर्वाचनपरिषद् उक्तवान्।

ईसीआई इत्यनेन स्वस्य अन्तरिम उत्तरे एतस्य पुष्टिः कृता भारतनिर्वाचनआयोगेन काङ्ग्रेसपक्षे अन्तरिमप्रतिक्रियायां पुनः पुष्टिः कृता यत् प्रत्येकस्मिन् चरणे अभ्यर्थीनां वा तेषां एजेण्टानां वा सहभागिता सह पारदर्शी प्रक्रिया अस्ति। मतदातानां मतदानस्य आँकडानां विषये काङ्ग्रेसेन उत्थापितस्य विषयस्य प्रतिक्रियारूपेण निर्वाचनआयोगेन उक्तं यत मतदातानां मतदानस्य आँकडानां मध्ये कोऽपि विसंगतिः नास्ति, यत् अस्ति मतदानकेन्द्रवारेण सर्वेषां अभ्यर्थीनां सह उपलब्धं भवति तथा च सत्यापितुं शक्यते। सायं ५ वादने मतदानस्य आँकडानां अन्तिममतदातानां मतदानस्य च मध्ये अन्तरं प्रक्रियागतप्राथमिकतानां कारणेन अस्ति, यतः मतदानस्य आँकडानां अद्यतनीकरणात् पूर्वं मतदानस्य समाप्तेः समये अध्यक्षः अनेकाः वैधानिककार्यं करोति इति निर्वाचनआयोगेन उक्तम्। अतिरिक्तप्रकाशनपरिपाटरूपेण ईसीआई-प्रेस-टिप्पणी, प्रायः रात्रौ ११:४५ वादने, २०२४ तमे वर्षे सामान्यनिर्वाचनस्य समये प्रवर्तिता, तदनन्तरं सर्वेषु विधानसभानिर्वाचनेषु च अनुसृता

काङ्ग्रेसेन एते गम्भीराः आरोपाः कृताः काङ्ग्रेसपक्षेण शुक्रवासरे आरोपः कृतः यत् सम्पूर्णस्य निर्वाचनप्रक्रियायाः अखण्डतायाः गम्भीररूपेण क्षतिः क्रियते, निर्वाचनआयोगस्य आलोचना च कृता। काङ्ग्रेसकार्यसमित्याः सभायां अस्य विषयस्य चर्चा अभवत्, दलेन राष्ट्रिय-आन्दोलनं प्रारभ्यते इति।

### वासः कक्षे दरारस्य

# विषये अफवाः, वयं एडिलेड्नगरे बुमराहं चुनौतीं

### दातुं सज्जाः स्मः शिरः

ब्रह्मास्त्र ›› एडिलेड

आस्ट्रेलियादेशस्य बल्लेबाजः ट्रेविस् हेड् इत्यनेन स्वस्य व्याकुलस्य आस्ट्रेलियादेशस्य बल्लेबाजीपङ्क्तिः, तेषां सशक्तं गेन्दबाजी-आक्रमणं च मध्ये तनावस्य अनुमानं खण्डितम् यतः ते ६ दिसम्बं-दिनाङ्कात् आरभ्य भारतविरुद्धं द्वितीय-परीक्षायाः सज्जतां कुर्वन्ति। सः दलस्य प्रदर्शनं पूर्वोदाहरणानि च दर्शितवान् यत्र दलं कठिनपरिस्थितयः अतिक्रान्तवान्। (अन्ये बल्लेबाजाः) बल्लेबाजीयुक्तीनां कृते मम समीपं न आगच्छन्ति, तत् निश्चितम्। सर्वे भिन्नभिन्नरूपेण कुर्वन्ति... वयं सर्वे क- अन्यस्य समर्थनं कुर्मः...अग्रे त्रयेषु तस्य विषये चर्चां करिष्यामः। चतुर्दिनानि वा यत्किमपि अल्पं क्रीडितवन्तः तत् सुष्ठु क्रीडितवन्तः। गतवर्षे अस्माकं केचन चुनौतीपूर्णाः समयाः, केचन चुनौतीपूर्णाः टेस्ट्-क्रीडाः च अभवन् येषां पारगमनं कर्तुं समर्थाः अभवम... एषः समूहः सुसन्तुलितः अस्ति, कुत्र अस्ति इति जानाति च। अस्माकं सप्ताहः अतीव उत्तमः अभवत् इति सः अवदत्। परन्तु अस्माकं तत् कर्तुं चत्वारि अधिकाः अवसराः सन्ति, यतः वयं किञ्चित्कालं यावत् एकं दलरूपेण उत्तमाः अस्मत् गतकेषु वर्षेषु अस्माकं दुष्टः सप्ताहः अभवत्, एतादृशाः बहवः दलाः। कः प्रथमं टेस्ट्-क्रीडायां हारितवान् वा श्रृङ्खलायां अधः गतः ततः पुनः आगत्य यथार्थतया उत्तमं क्रीडितवान्। हेड् अवदत्, जस्प्रिट् सम्भवतः सर्वकालिकस्य महान् द्रुतगन्दबाजानां मध्ये एकः इति रूपेण अधः गमिष्यति। अहं मन्ये वयं अस्मिन् क्षणे।

## बाबा महाकाल

### भस्मारतिः श्रृंगारः दर्शनम्

**अवन्तिकायां विहितावतारं मुक्तिप्रदानाय च सज्जनानाम्।**
**अकालमृत्योः परिरक्षणार्थं वन्दे महाकालमहासुरेशम्।**



जो भगवान शंकर संतजनों को मोक्ष प्रदान करने के लिए अवन्तिकापुरी उज्जैन में अवतार धारण किए हैं, अकाल मृत्यु से बचने के लिए उन देवों के भी देव महाकाल नाम से विख्यात महादेव जी को मैं नमस्कार करता हूँ। नमस्कार करता हूँ।

## राशिफल

**मेष** : बेकार की बातों को लेकर चिंता न करें। अपने डाइट पर ध्यान दें। हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करें।

**वृषभ** : पारिवारिक जीवन की दिक्कतों को सुलझाने में समय व्यतीत होगा। लव लाइफ को परेशानियों से बचाने की कोशिश करें।

**मिथुन** :फैमिली के लिए टाइम निकाल पाना थोड़ा चैलेंजिंग रहेगा। पुराने दोस्तों से मिलकर खुशी होगी।

**कर्क** : जीवन में वाद-विवाद से बचें। करियर में तरक्की के नए मौकों पर नजर रखें और सफलता पाने के लिए भरपूर प्रयास करें।

**सिंह** : मूड स्विंग से चिड़चिड़ापन रहेगा, लेकिन यह अनसुलझे मुद्दे को सुलझाने का परफेक्ट टाइम है।

**कन्या** : कुछ लोगों के घर में मेहमानों का आगमन संभव है, जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**तुला** : अपनी कड़ी मेहनत और लगन से अपने सपनों को साकार करेंगे और करियर में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

**वृश्चिक** : वर्कआउट रूटीन में बदलाव लाने से स्वास्थ्य बेहतर होगा। लंबी यात्रा के दौरान सतर्क रहें।

**धनु** : फैमिली के साथ बॉन्ड मजबूत होगा। अपनी होशियारी और आत्मविश्वास से हर समस्या का समाधान निकालने में सफल होंगे।

**मकर** : कामों में रोकटोक से आपके चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। फिट रहने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।

**कुंभ** : अचानक से यात्रा के योग बन सकते हैं। घर में बहस करने से बचें। लाइफ में खुशियों को वापस लाने का समय है।

**मीन**: आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन खर्चों पर कंट्रोल करने की जरुरत है। दूसरों को ज्यादा खुश करने की कोशिश न करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# देव गुरू के विशेष प्रभाव से खुलेंगे भाग्य के द्वार, 97 दिनों तक नोटों से खेलेंगे ये राशि वाले

देव गुरु बृहस्पति 28 नवंबर को रोहिणी नक्षत्र में गोचर कर चुके हैं और वे 10 अप्रैल तक वहीं रहेंगे। इसका असर सभी 12 राशियों के जीवन पर अच्छा पड़ने जा रहा है। आइए जानते हैं कि आप पर बृहस्पति की कैसी कृपा बरसेगी।

ग्रहों की चाल हमारे जीवन पर गहरा असर डालती है। 28 नवम्बर से गुरु ग्रह ने रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं और यह स्थिति 10 अप्रैल तक जारी रहेगी। इस परिवर्तन का प्रत्येक राशि पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। यह समय जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे करियर, शिक्षा, वित्तीय स्थिति और पारिवारिक संबंधों में बदलाव लेकर आएगा। इस लेख के माध्यम से जानेंगे कि गुरु का यह नक्षत्र परिवर्तन किस राशि पर क्या प्रभाव डालेगा और आपको किन क्षेत्रों में सावधानी बरतनी चाहिए।

**मेष राशि** - गुरु के इस नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव मेष राशि के व्यक्तियों पर विशेष रूप से उनके वित्तीय मामलों में दिखेगा। आय में वृद्धि के संकेत है, विशेषकर अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करने या निवेश करने का विचार कर रहे हैं। हालांकि, खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए बजट पर ध्यान दे। व्यक्तिगत जीवन में करीबी संबंधों में थोड़ा तनाव आ सकता है संयम बनाए रखें, तो यह समस्या हल हो सकती है।

**वृष राशि** - गुरु का नक्षत्र परिवर्तन वृष राशि के व्यक्तियों के लिए एक मिश्रित प्रभाव लाएगा। जीवनसाथी या साझेदार से जुड़े मामलों में असमंजस उत्पन्न हो सकता है, जिस कारण निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। आत्मविश्वास में वृद्धि का समय है, यदि किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर अनिश्चित हैं, तो गुरु की कृपा से विचार स्पष्ट होंगे। दीर्घकालिक योजना के लिए समय अनुकूल है।

**मिथुन राशि** - मिथुन राशि के व्यक्तियों के लिए गुरु का नक्षत्र परिवर्तन करियर और शिक्षा के क्षेत्र में लाभकारी रहेगा। नए कार्य या अध्ययन में कदम रखने की सोच रहे हैं, तो समय शुभ है क्योंकि मेहनत का फल मिलने की संभावना है। हालांकि, काम के बोझ के कारण मानसिक थकान का सामना भी करना पड़ सकता है, इसलिए काम के साथ सेहत का भी ध्यान रखें। पारिवारिक जीवन में अनबन की आशंका है, इसे सुधारने के लिए आपको बातचीत और समझौता करना होगा।

**कर्क राशि** - कर्क राशि वालों के लिए गुरु के नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव मानसिक शांति और स्वास्थ्य पर होगा। अपने अंदर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का अनुभव करेंगे। हालांकि, करीबी रिश्तों में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हो सकते हैं, जिस कारण तनाव भी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा में रुकावट के संकेत है, इसलिए ठोस यात्रा की योजना बनाएं।

**सिंह राशि** - गुरु का नक्षत्र परिवर्तन सिंह राशि के व्यक्तियों के लिए बहुत लाभकारी साबित होगा। इस समय आप कार्यक्षेत्र में अच्छी प्रगति करेंगे और प्रयासों को सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों में भी सुधार होगा और लोग आपके साथ जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे लेकिन पारिवारिक मामलों में ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ उलझने आ सकती हैं।

**कन्या राशि** - कन्या राशि के व्यक्तियों के लिए गुरु का नक्षत्र परिवर्तन मिश्रित प्रभाव लाएगा। करियर में आपको नए अवसर मिलेंगे लेकिन आपको व्यावसायिक निर्णयों में थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। इस दौरान काम का बोझ अधिक महसूस हो सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। सेहत पर ध्यान देना होगा क्योंकि तनाव से स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**तुला राशि**- गुरु का नक्षत्र परिवर्तन तुला राशि के व्यक्तियों के लिए बहुत लाभकारी रहेगा, खासकर शिक्षा और यात्रा के मामलों में। सोच में सकारात्मक बदलाव महसूस करेंगे और यह समय नए ज्ञान या विचारों को अपनाने के लिए अनुकूल है। विदेश यात्रा, उच्च शिक्षा प्राप्ति और व्यापारिक साझेदारी के लिए समय अनुकूल है।

**वृश्चिक राशि** - वृश्चिक राशि के व्यक्तियों के लिए गुरु का नक्षत्र परिवर्तन वित्तीय मामलों में उन्नति का रहेगा। बचत को बढ़ाने और वित्तीय योजनाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, परिवार से जुड़ी कुछ समस्याएं आ सकती हैं, जिन्हें हल करने के लिए ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। साझेदारी और सहयोग से लाभ होने की संभावना है लेकिन पारिवारिक विवादों से दूर रहना होगा।

**धनु राशि** - गुरु के नक्षत्र परिवर्तन के दौरान धनु राशि के व्यक्तियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। करियर में अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे और महत्वपूर्ण निर्णयों से सही दिशा में जाने में सक्षम होंगे। पारिवारिक मामलों में कुछ उलझने आ सकती हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए आपको धैर्य रखना होगा। दृष्टिकोण में बदलाव और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए समय अच्छा है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, बुधवार 04 दिसम्बर, 2024



## खबर एक नजर...

### पुलिस ने जिलाबदर बदमाश को पीछा कर पकड़ा

**उज्जैन।** अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश राकेश पिता राजू बौरासी निवासी अम्बर कालोनी को जिलाधीश के आदेश पर जिले की सीमा से तड़ीपार किया गया था। लेकिन बदमाश आदेश का उल्लंघन कर शहर की सीमा में घूम रहा था। नीलगंगा पुलिस को बदमाश के गदापुलिया क्षेत्र में दिखाई देने की सूचना मिली तो प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, कपिल राठौर, आरक्षक महेन्द्र और सूरज पकड़ने पहुंचे। जिलाबदर बदमाश ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। जिसे क्षेत्र की गलियों में पीछा कर पकड़ लिया गया। उसके पास से धारदार चाकू बरामद हुआ है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि बदमाश के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 में प्रकरण दर्ज किया गया है। बदमाश के खिलाफ 10 से अधिक संगीन अपराध दर्ज है।

### शौच करने गया व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

**उज्जैन।** देवासरोड निर्मला कांवेंट स्कूल के पास डॉ. मुमताज अली के खेत से मंगलवार को एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिकाप्रसाद ने बताया कि मृतक की पहचान बलराम पिता माधूजी 43 वर्ष निवासी साड़ीखेडी तराना के रूप में हुई है। वह मार्ग निर्माण में पेड़ कटाने का काम कर रहा था। लोगों ने बताया कि शौच करने खेत में गया था। एएसआई के अनुसार शरीर पर चोंट का कोई निशान नहीं मिला है। संभावना प्रतीत हो रही है कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। मामले की सूचना परिजनों को दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### हीरामिल की चाल में 2 पक्षों के युवको में विवाद

**उज्जैन।** बिजासन माता मंदिर के पास हीरामिल की चाल में मंगलवार को अभिषेक पिता दीपक बडगोतिया 21 वर्ष और जतिन उर्फ अंशु पिता योगेश मरमट के बीच विवाद हो गया। मामला देवासगेट थाने पहुंचने पर अभिषेक ने आरोप लगाया कि गणेशजी के चंदे की बात पर अंशु मरमट और मयंक मरमट ने नुकीली चीज से मारा, बीच बचाव के लिये मोहित आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। वहीं अंशु उर्फ जतिन का आरोप था कि सिगरेट उधार नहीं देने पर अभिषेक और मोहित ने ईट से हमला किया है। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### नियमित चैकिंग में 6 बदमाशों के पास मिले चाकू

**उज्जैन।** शहर में 2 दिन में हुई चाकूबाजी की 2 से 3 घटना के बाद पुलिस कप्तान ने सभी थाना पुलिस को पैदल भ्रमण कर नियमित चैकिंग के आदेश जारी किये है। पुलिस चैकिंग पर निकली तो 6 बदमाश चाकू के साथ गिरफ्त में आ गये। जिसमें नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बन्नू पिता रमेश, जीवाजीगंज ने रितिक उर्फ छोटू पिता आत्माराम निवासी खाचरौद, उन्हेल पुलिस ने अभिषेक पिता लखनलाल निवासी नाईपुरा जावर सिहोर, नागदा में दीपेश पिता विक्रम निवासी बिरलाग्राम, महिदपुर में सलमान पिता मकसूद इंद्रकालोनी और बिरलाग्राम पुलिस ने कैलाश पिता शंकरलाल निवासी गवर्मेंट कालोनी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। महिदपुर पुलिस की गिरफ्त में चाकू के साथ आये सलमान के खिलाफ 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने बताया कि पैदल भ्रमण चैकिंग अभियान अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध के दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दे। ताकि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

1 6 9

---

### उन्हेल बस स्टैंड पर कचौरी खाने के लिये उतरे दंपति के साथ सनसनीखेज वारदात

# इंदौर के दंपति की कार से 9 लाख रूपय से भरा बेग लेकर भागा नाबालिग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कचौरी खाने के लिये कार से उतरे दंपति के साथ मंगलवार को सनसनीखेज वारदात हो गई। कार का गेट खोलकर नाबालिग 9 लाख रूपयों से भरा बेग लेकर भाग निकला। उसके साथ 3 अन्य साथी होना सामने आये है। पुलिस कैमरों के फुटेज देख चारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

इंदौर के रानी पूर्णिमा पार्क रिंग रोड पर रहने वाला प्रेमचंद्र पिता मोहलाल राठौर मूलरूप से नागदा के महिदपुररोड का रहने वाला है। मंगलवार को पत्नी ज्योति राठौर के साथ कार में सवार होकर नागदा की ओर जा रहा था। उन्हेल पहुंचने पर उन्होंने बस स्टेंड पर कार रोकी। पत्नी लघुशंका के लिये गई और वापस आने पर कचौरी खाने के लिये रूक गई। इसी बीच कार में रखा 9 लाख से भरा बेग गायब हो गया। वापस लौटने पर दंपति को बेग गायब दिखाई दिया तो मामले की सूचना उन्हेल थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी अशोक शर्मा टीम के साथ पड़ताल के लिये पहुंचे गये। इस दौरान सामने आया कि कार से उतरते वक्त प्रेमचंद्र राठौर ने कार का गेट चाबी का सेंसर बटन दबाकर लॉक नहीं किया था। 9 लाख इंदौर से नागदा बैंक में जमा करने जा रहे थे। प्रेमचंद्र ने बताया कि हाडवेयर दुकान के साथ ठेकेदारी का काम करता है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।




#### कैमरे में दिखे नाबालिग के 3 साथी

थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि वारदात के बाद कैमरे देखने पर एक नाबालिग 12 से 15 वर्ष का दिखाई दिया। उसने कार के पास आकर गेट खोला उसके बाद अंदर सीट पर रखा बेग उठाया और चौराहा की ओर भाग निकला। चौराहा पर लगे कैमरे देखने पर उसके 3 साथी दिखाई दिये है। जिसमें एक 50-55 वर्ष का और 2 युवक 30 से 35 वर्ष के होना सामने आये है। चारों की तलाश में एक टीम को तैनात किया गया है।

#### कार के बाद पिकअप में हुए सवार

कैमरों के फुटेज देखने पर सामने आया कि चारों कुछ दूर पैदल जाने के बाद एक कार में सवार हो गये थे। पुलिस ने कार को ट्रेस किया तो पता चला कि उन्होंने 500 रुपए किराया दिया था और भैरवगढ़ क्षेत्र के सारीबारी मोड पर उतरे है। उन्हेल थाना प्रभारी भैरवगढ़ पहुंचे। जहां कैमरे देखने पर चारों पिकअप में सवार होते दिखाई दिये। पिकअप वाले से पूछताछ करने पर उसने देवासगेट बस स्टेंड छोड़ना बताया।

#### उज्जैन पहुंची उन्हेल थाना पुलिस टीम

पिकअप चालक से मिले सुराग के बाद मंगलवार देर शाम उन्हेल थाना पुलिस की टीम देवासगेट बस स्टेंड पहुंच गई थी। जहां क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे। संभावना जताई गई है कि बदमाश बस या ट्रेन में सवार हुए है। बस स्टेंड के कैमरे देखने के बाद रेलवे स्टेशन के कैमरों को भी खंगाला जा रहा था।

---

### तेजगति से दौड़ते वाहन बन रहे लोगों की मौत का कारण

# कार-बाइक की भिड़ंत, एक युवक की मौत

### इंदौररोड और उन्हेल मार्ग पर भी हुई दुर्घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




तेजगति से दौड़ते वाहन लोगों की मौत का कारण बन रहे है। मंगलवार शाम माकडोन के पाट में कार-बाइक की भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई। इससे पहले सोमवार रात इंदौररोड और उन्हेल मार्ग पर हुई दुर्घटना में 2 लोगों की मौत होना सामने आया चुका था।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि देर शाम पाट के पास तेजगति से दौड़ती कार से बाइक सवार युवक की भिड़ंत हो गई थी। बाइक सवार गंभीर घायल हुआ था। जिसे एम्बुलेंस से उपचार के लिये उज्जैन भेजा गया। लेकिन उसे अस्पताल तक पहुंचाया जाता रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से भाग निकला था। उज्जैन पहुंचने पर मृतक का नाम तूफान पिता बालूसिंह 24 वर्ष निवासी जामली आगर मालवा होना सामने आया है। अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मृतक के परिजनों को सूचना भेजी गई है, उज्जैन पहुंचने के बाद ही मृतक के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी कि कहां से आ रहा था। इससे पहले सोमवार रात इंदौररोड पर रामवासा में तेजगति से आई कार ने 70 वर्षीय हरीराम पिता घासीराम वर्मा निवासी ग्राम कढाई महिदपुर को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद सामने आया कि मृतक वृद्ध इंदौररोड वृद्धावन ढाबे पर चौकीदारी का काम करता था और सेविंग बनवाने का बोलकर गया था। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

#### बाइक पर सवार थे परिवार के 6 लोग

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल मार्ग पर ग्राम गोयला और ढाबला फंटा पर सोमवार रात हुई दुर्घटना में ग्राम ढाबला के रहने वाले राहुल पिता बाबूलाल लिम्बोदिया 40 वर्ष की मौत हो गई थी। राहुल एक बाइक पर ही अपनी पत्नी दीपिका, पुत्र अंश, बेटी गवीर्का, छोटे भाई की पत्नी सुनीता और उसके पुत्र लव्यांश को मेला दिखाने के बाद वापस लौट रहा था। दुर्घटनास्थल पर सामने से आये तेजगति में आये बाइक सवार से उनकी टक्कर हुई थी। राहुल की मौत होने के बाद 10 वर्षीय लव्यांश और उसकी मां सुनीता गंभीर घायल हुए है। भैरवगढ़ पुलिस ने मंगलवार सुबह राहुल का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामला जांच में लिया है।

---

# मां-बेटी का शोषण करने वाले 2 युवक हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग को झांसे में लेकर और उसकी मां का शोषण करने वाले 2 युवको को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों को हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद से सोमवार-मंगलवार रात पकड़ा गया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आज न्यायालय में पेश किया जायेगा।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला अपनी बेटी और बेटे के साथ रहती है। उसका पति कई सालों से घट्टिया क्षेत्र में अलग निवास करता है। इस दौरान महिला को एक व्यक्ति ने शादी का झांसा दिया और शोषण करने लगा। महिला ने शादी के लिये कहा तो भाग निकला। वहीं नहीं महिला की नाबालिग बेटी को भी एक युवक ने अपने जाल में फंसा लिया और शोषण करने लगा। दोनों युवक सोमवार रात नाबालिग को बेचने की फिराक में लेकर जाने वाले थे। इस बात की जानकारी नाबालिग के भाई को लगी तो उसने हिन्दूवादी संगठन के सदस्य कृष्णा मालवीय , अनिल चंदेल, उमेश नामदेव और राज जयसवाल को घटना बताई। संगठन ने दोनों युवको के पकड़ने के लिये घेराबंदी की और खाकचौक से सोमवार रात पकड़ लिया। दोनों को चिमनगंज थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहां सामने आया कि मां का शादी का फिरोज पटेल निवासी धतरावदा है और नाबालिग का शोषण करने वाला इरफान निवासी बदरखां का रहने वाला है। मामले में एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि मां-बेटी की शिकायत पर दोनों के खिलाफ दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

# ओवर स्पीड वाले हर वाहनों की अब निगरानी कैमरों से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

यातायात नियमों का उल्लंघन करने के साथ ओवर स्पीड दौड़ने वाला हर वाहन अब कैमरों की निगरानी में होगा। बाहर से आने वाले वाहनों को भी कैमरे कैद करेंगें। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में आईटीएमएस सिस्टम से जुड़े कैमरों एनआईसी सिस्टम से जोड़ दिया गया है।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शहर के सभी चौराहा और मार्गो पर 306 कैमरे लगाए गये है। जिसमें 12 स्थानों पर ओवर स्पीड डिटेक्ट कैमरे,



16 स्थानों पर आरएलव्हीडी कैमरे लगे है। अभी तक सभी कैमरे आईटीएमएस के माध्यम से संचालित किये जा रहे थे। जिसमें प्रदेश के वाहनों पर ही नजर रखी जाती थी। अब सभी कैमरों को एनआईसी सिस्टम से जोड दिया गया है। जिसके माध्यम से अब प्रदेश के बाहर से आने वाले वाहनों पर भी नजर बनी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने के साथ ओवर स्पीड होने पर चालान बनाये जा सकेंगें। प्रतिदिन यातायात पुलिस चौराहों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको को एसएमएस के साथ कॉल कर सूचित करेगी और नोटिस घर पर तामिल कराया जायेगा। चालानी कार्रवाई होने पर वाहन मालिक यूएमसी सेवा एप से जुर्माना भर सकेगें। जिन चालको द्वारा जुर्माना नहीं भरा जायेगा उनके वाहन और लायसेंस संबंधित कार्रवाई अवरूद्ध रहेगी। कैमरों की मदद से हेलमेट नहीं लगाने, सीट बेल्ट नहीं पहने, ओवर स्पीड के साथ चौराहा पर रेड लाइड का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान जारी किये जाएगें। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और दुर्घटनाओ में कमी लाने के सभी प्रयास यातायात पुलिस द्वारा किये जा रहे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com